पंजाब केसरी 27/09/24

जी.एम.एन. कॉलेज में मतदान जागरुकता अभियान के तहत निकाली कलश यात्रा

मतदान के प्रति जागरूक करते हुए महिला स्वयंसेवक/छात्राएं व अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 26 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी में वीरवार को मतदान जागरुकता अभियान के तहत छात्राओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा कार्यवाहक प्राचार्य डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में 80 महिला स्वयंसेवकों/छात्राओं ने भाग लिया। भारी बारिश के बाद भी इनका उत्साह कम नहीं हुआ।

गौरतलब है कि निर्वाचन साहित्य क्लब और एन.एस.एस. इकाई द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मशाल रैलियों और घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रेरित करने के अभियान के अलावा महिला मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए कॉलेज और आसपास के क्षेत्रों में कलश यात्रा निकाली जा रही है।

वहीं छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों द्वारा बड़े उत्साह के साथ जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आम जनता खासकर महिला मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाया गया।

डा. सीमा कंसल ने बताया कि मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कलश यात्रा के माध्यम से महिला मतदाताओं और आम जनता को मतदान के लिए प्रेरित किया गया है।